बांके बिहारी तुम्हें देखकर मेरे नैना उलझ गए

बांके बिहारी तुम्हें देखकर मेरे नैना उलझ गए,
नैना उलझ गए मुश्किल में पड़ गए,
बांके बिहारी तुम्हें देखकर मेरे नैना उलझ गए.....

जब मैं जाऊं फुलवा तो◌ड़न को फुलवा तो◌ड़न को,
मालिन से मिलते देख के मेरे नैना उलझ गए,
बांके बिहारी तुम्हें देखकर मेरे नैना उलझ गए.....

जब मैं जाऊं पनिया भरण को,
सखियों से मिलते देख कर मेरे नैना उलझ गए,
बांके बिहारी तुम्हें देखकर मेरे नैना उलझ गए.....

जब मैं जाऊं जमुना नहाने,
चीर चुराते देखकर मेरे नैना उलझ गए,
बांके बिहारी तुम्हें देखकर मेरे नैना उलझ गए.....

जब मैं जाऊं दही बेचन को,
माखन चुराते देखकर मेरे नैना उलझ गए,
बांके बिहारी तुम्हें देखकर मेरे नैना उलझ गए.....

जब मैं जाऊं पूजा करण को,
राधा के संग तुम्हें देखकर मेरे नैना उलझ गए,
बांके बिहारी तुम्हें देखकर मेरे नैना उलझ गए.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31971/title/baanke-bihari-tumhe-dekhkar-mere-naina-ulajh-gaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |